**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या : *136**

**उत्तर देने की तारीख**: 12.12.2023

**अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति निधि**

***136. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने संबंधित राज्य सरकारों, विशेषकर पंजाब से अपने शैक्षिक संस्थानों में पढ़ने वाले पात्र छात्रों के लिए काफी समय से लंबित अनुदान जारी करने का अनुरोध किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना (पीएमएस) के अंतर्गत 50 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान लंबित है जिसके परिणामस्वरूप इसमें भारी कमी आ रही है जिससे शैक्षिक संस्थाओं के लिए वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एसजीपीसी द्वारा संचालित संस्थाओं के लिए पर्याप्त अनुदान को रोकने वालों के विरूद्ध कोई कार्रवाई की है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**(क) से (घ):** एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा "अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति निधि" विषयक पूछे गए एवं लोक सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 136* के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क) और (ख):** जी, हां। पंजाब राज्य सरकार द्वारा यथासूचित के अनुसार राज्य सरकार से बकाया राशि का ब्यौरा निम्नवत है :-

| क्रम सं. | संस्थान | पंजाब राज्य के लाइन विभाग | लाइन विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पीएमएस एससी के अंतर्गत राशि (रुपए करोड़ में) | पीएमएस ओबीसी के अंतर्गत वर्ष 2018-19 और 2019-20 की बकाया राशि (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एसजीपीसी के अंतर्गत डिग्री कॉलेज | उच्चतर शिक्षा | 6.95 | 0.33 |
| 2 | गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज और गुरु नानक देव पॉलिटेक्निक कॉलेज | तकनीकी शिक्षा | 10.14 | 0.045 |
| 3 | बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज फतेहगढ़ साहिब | तकनीकी शिक्षा | 5.02 | 0.016 |
| 4 | श्री गुरु ग्रंथ साहिब विश्व विश्वविद्यालय फतेहगढ़ साहिब | उच्चतर शिक्षा | 9.32 | 0.0212 |
| 5 | एसजीपीसी के अंतर्गत स्कूल | विद्यालय शिक्षा | 0 | 0.0242 |
| 6 | श्री गुरु राम दास मेडिकल कॉलेज | चिकित्सा शिक्षा | 0 | 0 |
| | | | 31.46 | 0.444 |

**एससी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति** : जैसा कि पंजाब राज्य सरकार ने सूचित किया है कि एसजीपीसी संस्थाओं के एससी छात्रों के लिए वर्ष 2016-17 तक की मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की राशि जारी कर दी गई है। भारत सरकार ने वर्ष 2017-18 से 2019-20 के दौरान अनुसूचित जाति के लिए पीएमएस स्कीम के अंतर्गत निधियां जारी नहीं की हैं क्योंकि राज्य सरकार की मांग प्रतिबद्ध देयता के अंदर थी। राज्य सरकार ने दिनांक 18.06.2021 तथा दिनांक

10.11.2021 के अपने मंत्रिमंडल की बैठक में उक्त अवधि के दौरान छात्रों से शुल्क प्राप्त नहीं करने वाले निजी तथा सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं को शुल्क की 40% राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया है। एसजीपीसी संस्थाओं को पंजाब राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि की स्थिति **अनुबंध-क** में दी गई है।

**ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति** : पंजाब राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उक्त स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्ति छात्रों को सीधे ही जारी की जाती है। इस स्कीम के अंतर्गत सांकेतिक आवंटन की वजह से, सभी छात्रों को छात्रवृत्तियां उपलबध नहीं कराई जा सकती हैं। भारत सरकार ने केवल वर्ष 2016-17 तथा 2017-18 के लिए ही छात्रवृत्तियां जारी की हैं। वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 के दौरान कोई निधियां जारी नहीं की गई थी क्योंकि इस स्कीम के अंतर्गत पंजाब राज्य सरकार से संपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ था। एसजीपीसी संस्थाओं के छात्रों की बकाया राशि की यथास्थिति संबंधी ब्यौरा **अनुबंध-ख** में दिया गया है।

**एसटी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति** : इस राज्य में किसी जनजाति को 'अनुसूचित जनजाति' के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है। इसलिए यह पंजाब में लागू नहीं होती है।

**(ग):** पंजाब राज्य सरकार ने सूचित किया है कि राज्य सरकार की तरफ से कोई विलम्ब नहीं हुआ है। तथापि, पंजाब राज्य सरकार ने छात्रों/संस्थाओं के हित में दिनांक 18.06.2021 एवं 10.11.2021 के पंजाब राज्य सरकार के मंत्रिमंडल निर्णय के अनुसार निजी एवं सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं को शुल्क की 40% राशि जारी करने का निर्णय लिया है। छात्रों से शुल्क प्राप्त करने वाले संस्थानों को पीएमएस-एससी के अंतर्गत दिनांक 22.07.2016 की पंजाब राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार छात्रवृत्ति जारी नहीं की जा सकती।

**(घ):** लागू नहीं।

**लोक सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 136 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**एसजीपीसी संस्थाओं को पंजाब राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि की स्थिति**

| क्र.सं. | जिला | संस्थान | लाइन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार देय राशि का 40% (रुपए) | भुगतान न करने की स्थिति/कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमृतसर | एसबीजेएस खालसा कॉलेज | 405983 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 2 | अमृतसर | त्रि-शताब्दी जीजीएस खालसा कॉलेज | 239794 | संस्थानों द्वारा विहित शपथ उपलब्ध नहीं कराई गई इसलिए भुगतान नहीं किया गया। |
| 3 | बरनाला | माता साहिब कौर गर्ल कॉलेज गेहल | 884309 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 4 | बरनाला | मीरी पीरी खालसा कॉलेज भदौर | 84802 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 5 | बठिंडा | जीजीएस खालसा कॉलेज | 812904 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 6 | बठिंडा | एम एस केजीकॉलेज दमदमा साहिब | 384536 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 7 | फतेहगढ़ साहिब | माता गुजरी कॉलेज फतेहगढ़ साहिब | 2195295 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 8 | फिरोजपुर | माता साहिब कौर गर्ल्स कॉलेज | 455238 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 9 | गुरदासपुर | बीएएसकेसीजी गुरदास नंगल | 389825 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 10 | गुरदासपुर | गुरूनानक महाविद्यालय बटाला | -122571 | भुगतान नहीं किया गया क्योंकि भुगतान नकारात्मक है। |
| 11 | होशियारपुर | बी.ए.एम.खालसाकॉलेज गढ़शंकर | 531747 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 12 | होशियारपुर | खालसा कॉलेज, गढ़दीवाला | 1806198 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 13 | जालंधर | गुरु नानक खालसा कॉलेज | 700583 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 14 | जालंधर | माता गुजरी खालसा कॉलेज | 350564 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 15 | कपूरथला | संत बाबा दलीप सिंह मेमोरियल खालसा कॉलेज | 926812 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 16 | लुधियाना | गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज फॉर वुमेन | 2118949 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 17 | लुधियाना | माता गंगा खालसा कॉलेज फॉर गर्ल्स | 2172758 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 18 | मानसा | भाई बहलो खालसा गर्ल्स कॉलेज | 956800 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 19 | मानसा | गुरु नानक कॉलेज बुढलाडा | 24334735 | भुगतान प्रक्रियाधीन है। |
| 20 | मोगा | गुरु नानक कॉलेज | 675907 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | पटियाला | जी.एस.एस.डी.जी.एस खालसा कॉलेज पटियाला | 370182 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 22 | पटियाला | गुरु हरगोबिंद साहिब खालसा गर्ल्स कॉलेज | 0 | भुगतान प्रक्रियाधीन है। |
| 23 | पटियाला | माता साहिब कौर खालसा गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन | -360305 | भुगतान नहीं किया गया क्योंकि भुगतान नकारात्मक है। |
| 24 | पटियाला | श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज फॉर गर्ल्स | 538647 | संस्थानों द्वारा विहित शपथ उपलब्ध नहीं कराई गई इसलिए भुगतान नहीं किया गया। |
| 25 | रोपड़ | बीबी शरण कौर खालसा कॉलेज | 633950 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 26 | रोपड़ | एसजीटीबी खालसा कॉलेज | 534165 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 27 | शहीद भगत सिंह नगर | भाई संगत सिंह खालसा कॉलेज | 251443 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 28 | श्री मुक्तसर साहिब | जी.एन.कॉलेज किलियांवाली | 985760 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 29 | तरनतारन | श्री गुरु अर्जुन देव खालसा कॉलेज चोहला साहिब | 113808 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 30 | फतेहगढ़ साहिब | श्री गुरु ग्रंथ साहिब विश्व विश्वविद्यालय | 34830172 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 31 | अमृतसर | श्री गुरु राम दास नर्सिंग इंस्टिट्यूट। पंधेर | 1434850 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 32 | अमृतसर | श्री गुरु राम दास कॉलेज ऑफ नर्सिंग (एसजीपीसी) | 305900 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 33 | अमृतसर | श्री गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस | 0 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 34 | अमृतसर | श्री गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस | 0 | चूंकि संस्थान ने शुल्क लिया है इसलिए किसी राशि का भुगतान नहीं करना। |
| 35 | फतेहगढ़ साहिब | बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज | 20108960 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 36 | फतेहगढ़ साहिब | बाबा बंदा सिंह बहादुर पॉलिटेक्निक कॉलेज | 3872558 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 37 | लुधियाना | गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज अधिनियम | 29698360 | पूर्णत: भुगतान किया। |
| 38 | लुधियाना | गुरु नानक देव पॉलिटेक्निक कॉलेज लुधियाना | 1012654 | भुगतान प्रक्रियाधीन है। |

**अनुबंध-ख**

**लोक सभा में दिनांक 12.12.2023 को उत्तर के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या 136 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमएस-ओबीसी के अंतर्गत वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 के दौरान की बकाया राशियों का संस्थान-वार पोर्टल डाटा।**

| **क्र. सं.** | **जिला** | **संस्थान** | **वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 का कुल** |
|---|---|---|---|
| 1 | अमृतसर | त्रि-शताब्दी जीजीएस खालसा कॉलेज | 44832 |
| 2 | बरनाला | माता साहिब कौर गर्ल कॉलेज गेहल | 18480 |
| 3 | बरनाला | मीरी पीरी खालसा कॉलेज भदौर | 236208 |
| 4 | बठिंडा | जीजीएस खालसा कॉलेज | 33710 |
| 5 | बठिंडा | एम एस केजीकॉलेज दमदमा साहिब | 92112 |
| 6 | फतेहगढ़ साहिब | माता गुजरी कॉलेज फतेहगढ़ साहिब | 445044 |
| 7 | फतेहगढ़ साहिब | श्री गुरु ग्रंथ साहिब विश्व विश्वविद्यालय | 212565 |
| 8 | गुरदासपुर | गुरु नानक कॉलेज बटाला | 41192 |
| 9 | होशियारपुर | बी.ए.एम.खालसाकॉलेज गढ़शंकर | 244306 |
| 10 | होशियारपुर | खालसा कॉलेज, गढ़दीवाला | 173903 |
| 11 | जालंधर | गुरु नानक खालसा कॉलेज | 54220 |
| 12 | कपूरथला | संत बाबा दलीप सिंह मेमोरियल खालसा कॉलेज | 249857 |
| 13 | लुधियाना | गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज फॉर वुमेन | 64476 |
| 14 | लुधियाना | माता गंगा खालसा कॉलेज फॉर गर्ल्स | 246784 |
| 15 | मानसा | भाई बहलो खालसा गर्ल्स कॉलेज | 37470 |
| 16 | मानसा | गुरु नानक कॉलेज बुढलाडा | 213961 |
| 17 | पटियाला | जी.एस.एस.डी.जी.एस खालसा कॉलेज पटियाला | 12998 |
| 18 | पटियाला | श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज फॉर गर्ल्स | 71850 |
| 19 | रोपड़ | बीबी शरण कौर खालसा कॉलेज | 235007 |
| 20 | रोपड़ | एसजीटीबी खालसा कॉलेज | 731760 |
| 21 | शहीद भगत सिंह नगर | भाई संगत सिंह खालसा कॉलेज | 116900 |
| 22 | होशियारपुर | कल्लर खालसा एसएसएस हरियाणा | 54684 |
| 23 | मानसा | भाई बहलो खालसा गर्ल्स कॉलेज फाफरे भाई के | 23270 |
| 24 | रोपड़ | भाई नंद लाल पब्लिक स्कूल | 109120 |
| 25 | तरनतारन | खालसा एसएसएस बीर बाबा बुड्ढा साहिब थाथा | 55040 |
| 26 | फतेहगढ़ साहिब | बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज | 167300 |
| 27 | लुधियाना | गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज अधिनियम | 83650 |
| 28 | लुधियाना | गुरु नानक देव पॉलिटेक्निक कॉलेज लुधियाना | 372944 |
| | | **कुल** | **4443643** |

*****